सच्चाई के दम पर जोश के साथ...
प्रधान संपादक: रतन प्रकाश सिंह
www.swarajindianews.com
सांध्यकालीन समाचार पत्र
# स्वराज इंडिया
हैप्पी होली
swarajindianews swarajindianews
कानपुर, गुरुवार, 13 मार्च, 2025
वर्ष: 02, अंक: 77, पृष्ठ: 8+4, मूल्य: ₹ 2/-

SWACHH SURVEKSHAN
#Mera Shahar, Meri Pehchan 2023

KANPUR SMART CITY LTD. KANPUR

Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

कानपुर नगर निगम



मा. ए.के. शर्मा
मंत्री नगर विकास विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार।

## कार्यालय स्वच्छ भारत मिशन
## नगर निगम कानपुर

### होली एवं गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं



मा. प्रमिला पांडेय
मेयर कानपुर।

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 की तैयारी को लेकर कानपुर नगर निगम ने कसी कमर

स्वच्छ भारत-मिशन के अन्तर्गत इस वर्ष भारत सरकार द्वारा होने वाले सर्वे में कानपुर नगर निगम 5 स्टार एवं वाटर प्लस के लिए अप्लाई किया है। GFC (गार्बेज फ्री सिटी) में शहर के 440 वार्डों को सफाई व्यवस्था एवं डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं सूखे, गीले कचरे की प्रोसेसिंग का निरीक्षण किया जायेगा। जिसमें 5 स्टार के लिए कुल 475 अंक प्राप्त होगें एवं वाटर प्लस में सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय जो कि बेस्ट कैटेगरी में आते हैं वह आम नागरिकों के उपयोग के लिए किस तरह बेहतर बनाये गये हैं। उनका निरीक्षण किया जायेगा एवं सीवर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट में फीकल स्लज का ट्रीटमेन्ट करके उपचारित 25 प्रतिशत पानी का उपयोग रोड की सफाई एवं डिवाईडरों की सफाई किया जा रहा है इस कम्पोनेन्ट का निरीक्षण किया जायेगा। कानपुर नगर निगम के अन्तर्गत सीवर की सफाई मशीनों द्वारा की जाती है यह भारत सरकार की चयनित एजेन्सी द्वारा देखा जायेगा। कानपुर नगर निगम द्वारा वर्तमान में समस्त 10 वार्डों में डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है। शहर में पूरी तरह प्लास्टिक प्रतिबंधित करने की कार्यवाही चल रही है। पब्लिक क्षेत्र में 2 बार सफाई कार्य करवाया जा रहा है वाटर बॉडी को साफ करवाया जा रहा है एवं नालों में जाली लगाने का कार्य करवाया जा रहा है। शौचालयों की मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। समस्त शादी घरों में जीरो वेस्ट इवेन्ट करवाने के लिए प्रेरित किया गया है। बल्क वेस्ट जनरेटर चयनित किये गये हैं जो अपने गीले कचरे का निपटान चयनित एजेन्सी द्वारा कर रहे हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के अंक इस प्रकार हैं-

| क्र0सं0 | कम्पोनेन्ट (घटक) | कुल अंक |
|---|---|---|
| 1. | सर्विस लेवल प्रोग्रेस | 5705 |
| 1.1 | डोर-टू-डोर कलेक्शन | 300 |
| 1.2 | सोर्स सेग्रगेसन ऑफ वेस्ट | 300 |
| 1.3 | क्लिनिंग ऑफ पब्लिक वेस्ट | 300 |
| 1.4 | स्ट्रॉम वाटर ड्रेन/नाला | 50 |
| 1.5 | वाटर बॉडी | 25 |
| 1.6 | बैन ऑन सिंगल यूज प्लास्टिक | 150 |
| 1.7 | प्रमोशन ऑफ रिड्यूज, रियूज रिसाइकल (आर.आर.आर.) | 80 |
| 1.8 | वेस्ट टू वंडर पार्क | 100 |
| 2. | सर्टिफिकेशन | 2500 |
| 2.1 | 5 स्टार | 1175 |
| 2.2 | वाटर प्लस | 1125 |
| 3. | जन आन्दोलन | 1295 |
| 3.1 | सिटीजन फिडबैक | 600 |
| 3.2 | स्वच्छ वार्ड रैंकिंग | 320 |
| | कुल योग | 9500 |

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत कानपुर नगर निगम इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 में भाग ले रहा है। महापौर द्वारा आमनागरिको से अपील है कि अपने घर से निकलने वाले गीला कचरा, सूखा कचरा को अलग-अलग डस्टबिन में रखें तथा कचरा गाड़ी में ही कचरा देवे। गीला कचरा हरे कूड़ेदान में एवं सूखा कचरा नीले कूड़ेदान में रखे। कचरे को बाहर खुले में ना फेंके कचरा बाहर फेंके जाने पर चालानी कार्यवाही की जायेगी। सार्वजनिक स्थानों पर घुमते समय ट्विनबिन डस्टबिन में कूड़ा डालें एवं सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करें। प्लास्टिक का उपयोग न करें। सब्जी लेते समय जूट से बने थैली का इस्तेमाल करें। कानपुर शहर को साफ-सुथरा रखने में सहयोग दें।

सुधीर कुमार (आईएएस)
नगर आयुक्त
नगर निगम, कानपुर


हर रंग में मैं हूं !
प्रीमियम
शुद्ध प्लस
पान मसाला
शुद्ध प्लस
परिवार की ओर से
होली की रंगारंग शुभकामनायें
सबकी ज़ुबां पर मैं हूँ
तुम में भी मैं हूँ
JUMBO PACK
शुद्ध प्लस
सिल्वर
पान मसाला
SHUDH PLUS
Silver
FLAVOURED
PAN MASALA
सबकी ज़ुबां पर मैं हूँ
0% TOBACCO & NICOTINE
प्रीमियम
शुद्ध प्लस
पान मसाला
शुद्ध प्लस
पान मसाला
तुम में भी मैं हूँ
www.shudhplus.com
TOLL FREE NO. : 1800 2120 99777
CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH.
NOT FOR MINORS. NO TOBACCO. NO NICOTINE.

सच्चाई के दम पर जोश के साथ...
प्रधान संपादकः रतन प्रकाश सिंह
www.swarajindianews.com
सांध्यकालीन समाचार पत्र
# स्वराज इंडिया
हैप्पी होली
swarajindianews swarajindianews
कानपुर, गुरुवार, 13 मार्च, 2025
वर्षः 02, अंकः 77, पृष्ठः 8+4, मूल्यः ₹ 2/-

### होली के मौके पर मुख्यमंत्री योगी का बड़ा फैसला

# सोलर सिटी बनेंगे प्रदेश के सभी नगर निगम

## पर्यावरण की रक्षा के लिए जनता से किया आह्वान, बोले- कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाना बहुत जरूरी

**» हैलोजन की जगह एलईडी के प्रयोग से हुई एक हजार करोड़ की बचत।**

» कार्यालय संवाददाता, स्वराज इंडिया ब्यूरो।

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकी और जन जागरूकता के समन्वय से ही अच्छे परिणाम आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य तय किया है उसमें राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इन कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों के जरिये जन सहभागिता भी होनी चाहिए क्योंकि कोई भी आंदोलन जन सहभागिता के बिना सफल नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करेगी।






सीएम योगी गुरुवार को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम - एनसीएपी) पर नगर निगम की तरफ से एक होटल में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। '2027 तक गोरखपुर को खुले में कचरा जलाने से मुक्त शहर बनाने का रोडमैप' थीम पर महानगर के एक होटल में आयोजित कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रकृति सबकी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है पर किसी के लोभ को पूरा करने का सामर्थ्य उसमें नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चलाए गए कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाना है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाया प्रतिबंधः योगी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ही सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया। इसके समानांतर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू कर मिट्टी के उत्पादों को ब?ावा दिया। मिट्टी के कारीगरों को क्षमता ब?ाने के लिए इलेक्ट्रिक और सोलर चाक दिए गए। इससे प्लास्टिक के कचरे से तो मुक्ति मिली ही, रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक उत्पादों के विकल्प रूप में केले के रेशे से उत्पाद बनाने वाले प्लांट का शिलान्यास लखीमपुर में किया गया है। इससे जो उत्पाद बनेंगे वह तीन माह में अपने आप ही मिट्टी में मिल जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति से खिलवाड़ का नतीजा सबने कोविड काल में देखा है। कोविड के दूसरे लहर में लोग ऐसे ही तड़प रहे थे जैसे जल से निकली मछली तड़पती है। उन्होंने कहा की मानव से तैयार विकृतियों का दुष्परिणाम मानव को खुद ही भुगतना होगा।

कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से राज्य सरकार ने प्रदेश से 17 लाख हैलोजन हटाकर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाई है। इस पर एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि एलईडी लाइट लगने से कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ और ऊर्जा की भी बचत हो रही है। एलईडी लगवाने के एवज में संबंधित कम्पनी को ऊर्जा बचत के अंतर का पैसा दिया गया। इस व्यवस्था से निकायों में एक हजार करोड़ रुपये की बचत हुई।

# डीएम ने दिव्यांग बच्चों संग मनाई होली, बढ़ाया हौसला

## दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा किया अनोखा प्रदर्शन, लोग हुए मंत्रमुग्ध

» प्रमुख संवाददाता, स्वराज इंडिया।

कानपुर । ब्रज की होली की तर्ज पर आज स्पास्टिक केंद्र, कानपुर के दिव्यांग बच्चों ने होली के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की। जूनियर कक्षा के छात्र पार्थ श्रीवास्तव ने वाद्य यंत्र बजाकर मन मोह लिया जिसने बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी की धुन बजाकर समा बांध दी। पार्थ अच्छा तबला वादक भी है, जो दिव्यांग होते हुए भी उसकी विलक्षण प्रतिभा को दिखाता है। वहीं, संस्था के सीनियर दिव्यांग छात्रों द्वारा एक जीवंत नृत्य बृज की होली की प्रस्तुति की गई।



प्री स्कूल के बच्चों ने अपनी नृत्य कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया बच्चों ने भगवान कृष्ण, राधा और उनके भक्तों के बीच के प्रेम को अपने नृत्य में दिखाने का अद्भुत प्रयास किया। बच्चों ने एक जीवंत और रंगीन होली गीत होरी खेले रघुवीरा अवध में- होरी खेले रघुवीरा के गीत पर जमकर थिरके। दिव्यांग तरुण में होली के गीत होली आई रे रंग बिरंगी होली आई रे जिसका दर्शकों ने जमकर आनन्द लिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा गाये गये गीत मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, होगी शांति चारों ओर से इन अनोखी प्रस्तुतियों का समापन हुआ।

वहीं,जिलाधिकारी ने अपनी पत्नी रश्मि सिंह के साथ बच्चों को होली के कपड़े, रंग व पिचकारी भेंट किया। साथ ही, बच्चों से बात कर उन्हें मार्गदर्शन देते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह दिव्यांग बच्चे, जिन्हें हम स्पेशल चिल्ड्रन भी कहते हैं, इन सभी बच्चों में अलग-अलग स्पेशल प्रतिभाएं भी छिपी हुई है, जिसे आज हम सब ने मिलकर देखा। ये बच्चे सामान्य बच्चों से अधिक प्रतिभावान है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से होली कार्यक्रम को बहुत ही रोमांचकारी वह अद्भुत बना दिया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों की आंखों में आशाएं, चैलेंज और अवसर के साथ-साथ जश्न भी है। इन बच्चों के अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने जिम्मेदारी के साथ इन बच्चों की परवरिश की और इन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया। इन बच्चों ने कानपुर की संस्कृति, जीवंतता और समानता को अपनी कला कौशल से बखूबी उकेरा। उन्होंने संस्था की निदेशक सुश्री मीरा नोरोन्हा की सराहना करते हुए उनकी समस्त टीम को इस बेहतर कार्यक्रम के लिए बधाई व साधुवाद दिया।

### बच्चों के माता-पिता ने भी की शिरकत

कार्यक्रम को एक नया मोड़ देते हुए दिव्यांग बच्चों के माता-पिता ने भी बच्चों का उत्साह बढाया।उन्होंने अंत्याक्षरी कार्यक्रम में भी बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया।

## राघवेंद्र बाजपेई की हत्या पर आक्रोश, एसडीएम व एसीपी को सौंपा ज्ञापन

» स्वराज इंडिया संवाददाता।

बिल्हौर। सिधौली महोली के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के मामले में न्याय की माँग तेज हो गई है। पत्रकार के हत्यारों को फांसी और परिजनों को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की माँग को लेकर बिल्हौर के दर्जनों पत्रकार तहसील सभागार में इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए पहले एसडीएम बिल्हौर रश्मि लाम्बा को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

इसके बाद नारेबाजी करते हुए एसीपी कार्यालय पहुंचे। वहाँ एसीपी बिल्हौर अमरनाथ को ज्ञापन दिया। इस दौरान तहसील के कई पत्रकार मौजूद रहे।

### अवकाश सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि होली के उपलक्ष्य में शुक्रवार 14 मार्च 2025 को स्वराज इंडिया कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 15 मार्च 2025 गुरुवार को प्रकाशित होगा।

- संपादक, स्वराज इंडिया

# डीएम की सख्ती के बाद भी गिर रही आईजीआरएस रैंकिंग

**» फिर विभागों को नोटिस और चेतावनी**

**» समीक्षा के बाद एडीएम सिटी ने जिम्मेदारों को भेजा नोटिस**

**मुख्य संवाददाता स्वराज इंडिया**

**कानपुर। आईजीआरएस में जिले की फरवरी माह में आई 61वीं रैंक के पीछे मुख्य रूप से 50 अधिकारियों की लापरवाही सामने आई हैं। जिन्हें नोडल अधिकारी एडीएम सिटी ने नोटिस भेज कर एक सप्ताह में 50 अधिकारियों को जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्रवाई कर अवगत कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने भविष्य में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और फीडबैक जरूर लेने का निर्देश दिया है। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सभी जिम्मेदारों को चेतावनी दी गई है।**



आईजीआरएस में मिली खराब रैंकिंग के बाद एडीएम सिटी ने समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 11 विभाग ऐसे हैं, जिन्होंने समय सीमा के बाद संदर्भों का निस्तारण किया है। इसमें चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण (सीएमओ) ने 6, उप्र जल निगम ग्रामीण (अधिशाषी अभियंता) ने 5, ग्राम्य विकास विभाग (बीडीओ घाटमपुर) ने 5, नगर निगम (नगर आयुक्त) ने 5, उप्र जल निगम नगरीय (अधिशाषी अभियंता) ने 3, खनिज (खान निरीक्षक) ने 3, उप्र आवास विकास परिषद (संपत्ति प्रबंधक) ने 2, पीएचसी-सीएचसी बिधनू (प्रभारी चिकित्साधिकारी) ने 2, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने 2, राजस्व एवं आपदा विभाग (एसडीएम बिल्हौर) ने 2 व श्रम विभाग (सहायक श्रमायुक्त) ने 2 संदर्भ निस्तारित समय सीमा के बाद किए हैं। सभी विभागों को चेतावनी दी। भविष्य में कोई भी संदर्भ डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। वहीं, अपर पुलिस आयुक्त अपराध, जिला उद्यान अधिकारी, विकास परिषद, परियोजना अधिकारी डूडा, मुख्य कोषाधिकारी, विधिक माप विज्ञान के वरिष्ठ निरीक्षक, एसीएम सप्तम, जिला कृषि अधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बिल्हौर व घाटमपुर के सब रजिस्ट्रार, खंड विकास अधिकारी ककवन समेत 23 अधिकारियों की निस्तारण का फीडबैक काफी खराब मिला। इसमें 100 फीसदी फीडबैक असंतुष्ट का मिला है।

## होलिका में महाकुंभ की झांकी, लकड़ी की जगह गो-काष्ट; लाटूश रोड नुक्कड़ कमेटी में महाकुंभ का नजारा दिखाया

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर। गुरुवार को होलिका दहन स्थल पर लोग महाकुंभ की झांकी भी देख सकेंगे। इसके साथ ही शहर के 30 स्थानों पर इकोफ्रैंडली होली जलाई जाएगी। होलिका दहन को भव्य बनाने के लिए बाजारों में बुधवार को खरीदारी होती रही। 15 फिट तक के होलिका के पुतले बाजारों में बिके। कई जगह होलिका की गोद में भक्त प्रहलाद को भी बैठाया गया।**



होलिका दहन के दिन ज्वलंत मुद्दों पर झांकी सजाने के लिए प्रसिद्ध लाटूश रोड नुक्कड़ कमेटी ने इस बार महाकुंभ को अपना विषय बनाया है। यहां पर होलिका दहन करने आने वाले लोगों को बगल में ही महाकुंभ की झांकी सजी दिखाई देगी। इस झांकी में महादेव के मस्तक से निकली गंगा संगम में मिलती हुई दिखेगी। इसके अलावा संगम में साधू और अघोरी स्नान को भी झांकी में शामिल किया गया है।

कानपुर गौशाला सोसाइटी की ओर से इकोफ्रैंडली होली जलाई जाएगी। कानपुर गौशाला सोसाइटी के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया कि सोसाइटी की ओर से 22 स्थानों पर गोबर की लकड़ियां उपलब्ध कराई गई हैं। इन्हें गो-काष्ट नाम दिया गया है। गो काष्ट की होलिका जलाने से लकड़ी बचती है और प्रदूषण भी नहीं होता है।

गो काष्ट में नीम की पत्ती तुलसी कपूर गूगल लोबान सुगंधित कई चीज डाली जाती हैं। गोकाष्ट एमराल्ड गार्डन, फीलखाना मतंगेश्वर मंदिर, आर्य नगर, स्वरूप नगर, 80 फीट रोड, देवकी नगर, इंद्रपुरी, लाल बंगला, जनरलगंज, नयागंज, हरबंस मोहाल, बारादेवी, मुरली मनोहर अपार्टमेंट सहित शहर के अन्य स्थानों में भेजा गया है। कई स्थान ऐसे भी हैं जहां पर 50 फीसदी लकड़ी और 50 फीसदी गौकाष्ट का प्रयोग किया गया है।



## सम्पादकीय


# हिंसक तत्वों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

अलगाववादियों के एजेंडे को लेकर पश्चिमी देशों की सरकारों के प्रश्रय से मुखर हुए कुछ अराजक तत्वों द्वारा अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वहां आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई। इससे पहले भी आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले होते रहे हैं। जाहिर है ऐसे आपराधिक तत्वों की मंशा आतंक फैलाना ही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की निंदा की है, लेकिन अमेरिकी सरकार द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दरअसल, पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विष वमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति के अंग–संग रहने वाले समाज को विभाजित करके घृणा का कारोबार करने वाले तत्वों को बेनकाब करने की जरूरत है। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाता है। सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। आखिर मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती। बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। विडंबना यह है कि अमेरिका,ब्रिटेन व कनाडा की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं। लेकिन जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं। निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास ही आएगी। ऐसे ही अलगाववादियों के कृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। पिछले साल हिंदू महासभा के मंदिर परिसर में मंदिर प्रशासन व भारतीय उच्चायोग द्वारा लगाए गए वीजा शिविर को निशाना बनाया गया था। तब भी भारत सरकार ने ब्रिटेन की सरकार से कड़ा प्रतिवाद किया था। लेकिन हाल ही में विदेशमंत्री के काफिले को निशाना बनाया जाना बताता है कि ब्रिटिश सरकार की उदासीनता से अलगाववादियों के हौसले बुलंद ही हुए हैं। यहां सवाल ब्रिटिश सरकार पर भी उठता है कि वह विदेशी राजनयिकों को सुरक्षा देने में नाकाम है। इसके अलावा भारत सरकार लगातार अलगाववादियों पर अंकुश लगाने को कहती रहती है। हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। यह भी सवाल उठना स्वाभाविक है कि विदेश मंत्री के सामने नारेबाजी कर रहे ऐसे तत्व सुरक्षा घेरे को तोड़कर कैसे विदेशमंत्री की कार के करीब तक पहुंच गए।

# अभिव्यक्ति की आजादी व नैतिकता के यक्ष प्रश्न

संजय हेगड़े

**सर्वोच्च न्यायालय नैतिकता का संरक्षक नहीं है। इसका प्राथमिक कर्तव्य संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखना है, जिसमें अभिव्यक्ति की आज़ादी और व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी शामिल है। लोकलुभावन भाषण देने लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सुरक्षा जरूरी नहीं है।रणवीर इलाहाबादिया मामले पर सर्वोच्च न्यायालय का बर्ताव झलक है कि किस तरह न्यायपालिका को रस्सी पर संतुलन साधकर चलना चाहिए-नैतिकता को लेकर बने हंगामे और संवैधानिक औचित्य के बीच। सोशल मीडिया के इस 'इन्फ्लुएंसर' को अंतरिम राहत एक कठिन सुनवाई के बाद मिली, जिसके केंद्र में नैतिकता को लेकर बना क्षोभ था। इलाहाबादिया की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने का न्यायालय का निर्णय सही था। फिर भी, जिस तरह से मामला आगे बढ़ा, उससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।**



इलाहाबादिया, एक जानी–मानी सोशल मीडिया हस्ती हैं, उन्हें इंडियाज गॉट लेटेंट शो में की गई अपनी टिप्पणियों के कारण अनेक पुलिस प्राथमिकियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, उनकी टिप्पणियों का उद्देश्य महज हंसाना था, लेकिन इसने पूरे देश में रोष खड़ा कर दिया। मीडिया घरानों और राजनेताओं की नाराजगी ने आग में घी डालने का काम किया। लेकिन जैसा कि उनके वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने सही तर्क दिया है : कानूनी सवाल यह नहीं है कि क्या इलाहाबादिया की भाषा अरुचिकर थी– जिसे हर कोई, जिसमें खुद उनके अपने वकील भी शामिल हैं, मानते हैं कि यह थी– बल्कि यह है कि क्या यह भारतीय कानून के तहत एक आपराधिक जुर्म बनता है।

हालांकि, अदालत ऐसे सूक्ष्म अंतरों पर विचार करने के मूड में नहीं दिखी। सुनवाई के पूरे समय, इसने स्पष्ट रूप से अपनी नाराज़गी व्यक्त किए रखी, इलाहाबादिया द्वारा बरती भाषा को 'गंदी', 'विकृत' और इसे इलाहाबादिया के दिमाग से निकली 'उल्टी' तक बताया। एक बिंदु पर, न्यायाधीश ने वकील चंद्रचूड़ से पूछा : 'क्या आप इस तरह की भाषा का बचाव कर रहे हैं?' हालांकि, यह सवाल भले ही जुमला हो, लेकिन बचाव पक्ष के वकील की भूमिका को मूलतः गलत समझने की तरफ इशारा करता है : बात वकील की अपने मुवक्किल के बोलों से सहमत होने या न होने की

सर्वोच्च न्यायालय नैतिकता का संरक्षक नहीं है। इसका प्राथमिक कर्तव्य संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखना है, जिसमें अभिव्यक्ति की आज़ादी और व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी शामिल है। लोकलुभावन भाषण देने लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सुरक्षा जरूरी नहीं है। संवैधानिक संरक्षण की जरूरत केवल नागवार, अलोकप्रिय अभिव्यक्ति पर लागू होती है, जब इसको लेकर मुकदमा चले।चंद्रचूड़ ने कानूनी सिद्धांतों पर ध्यान पुनः केंद्रित रखने के प्रयास में अपूर्व अरोड़ा मामले में दिए फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि गाली–गलौज अपने आप में अश्लीलता नहीं है। उस मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि इम्तिहान यह है कि क्या कोई कथन लम्पटता में आता है और उस सीमा को पार करता हो कि आपराधिक अश्लीलता बन जाए।लेकिन अदालत पर इसका कोई असर नहीं हुआ और इसने पूछा, 'यदि यह अश्लीलता नहीं है, तो फिर अश्लीलता क्या है?' न्यायालय नैतिक शून्यता में काम नहीं करते, लेकिन उन्हें नैतिकता पर निजी धारणा को कानूनी तर्क पर हावी भी नहीं होने देना चाहिए। यह पूछकर कि क्या अरोड़ा मामला आपको 'जो चाहे बकने का लाइसेंस देता है', न्यायालय ने शालीनता को लेकर अपनी व्यक्तिगत समझ को मुक्त अभिव्यक्ति की सुरक्षा से अलग रखने में अनिच्छा को दर्शाया है।यह नोक–झोंक मुझे अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति पॉटर स्टीवर्ट द्वारा जैकोबेल्लिस बनाम ओहायियो राज्य (1964) मामले में अश्लीलता पर अपनी निजी धारणा की अंतिम सीमा के इम्तिहान को लेकर लिखे गए।

# चेतावनी से न चूकें तो टाली जा सकती है त्रासदी

## हिमस्खलनों की भविष्यवाणी

संजय सिंह रावत

**एनडीएमए ने 27 और 28 फरवरी को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड आदि कुछ क्षेत्रों के लिये यलो व रेड एलर्ट के रूप में चेतावनी जारी की थी। चमोली जिले के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिये भी रेड एलर्ट था, जिसे गंभीरता से नहीं लिया गया।उत्तराखंड के सीमान्त क्षेत्र माणा के निकट गत दिनों सीमा सड़क संगठन के 54 मजदूर एक विशाल हिमस्खलन की चपेट में आ गये जिनमें से 8 की दुखद मौत हो गयी। इससे पहले 2021 के अप्रैल महीने में सीमान्त नीती घाटी के सुमना-मलारी क्षेत्र में एक हिमस्खलन हादसे में बीआरओ के एक दर्जन से अधिक मजदूरों की मौत हो गयी थी। उसी साल 7 फरवरी को हुए हिमस्खलन से बर्फीली झील टूटने से धौली गंगा और ऋषि गंगा में बाढ़ आ गयी थी। जिससे ऋषि गंगा तथा धौलीगंगा के पावर प्रोजेक्टों के तबाह होने के साथ ही 200 से अधिक श्रमिक मरे थे।**

सीमान्त जिले उत्तरकाशी के द्रोपदी डांडा में 2022 में हुए हिमस्खलन हादसे में लगभग 27 पर्वतारोहण प्रशिक्षुओं सहित सविता कौंसवाल जैसी पर्वतारोहियों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा का असली कारण भी चोराबाड़ी झील का हिमस्खलन से फटना ही था। चूंकि पश्चिमी हिमालय का क्षेत्र तिब्बत सीमा से लगा है, जो कि सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील है, इसलिये यहां सेना तथा अर्धसैन्य बलों की बारहों महीने तैनाती रहती है। इसलिये हमारे जांबाजों को हरदम हिमस्खलन के खतरे से दो–चार होना पड़ता है। लेकिन इतने गंभीर खतरे के बावजूद हमारी व्यवस्था पूरी तरह चौकस नहीं है।पश्चिमी हिमालय के इस अति संवेदनशील क्षेत्र के अध्ययन और



पूर्व चेतावनियों के लिये रक्षा अनुसंधान एवं विकास द्वारा चंडीगढ़ में स्नो एण्ड एवलांच स्टडी स्टैब्लिस्मेंट (एसएएसई) स्थापित किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की भी स्थापना की गयी है। जो कि मौसम विभाग और एसएएसई से प्राप्त इनपुट के आधार पर हिमालयी क्षेत्रों में हिमस्खलन और चरम मौसम की चेतावनी निरन्तर देता रहता है। ऐसी ही एक चेतावनी एनडीएमए ने 27 और 28 फरवरी को जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड और सिक्किम के कुछ क्षेत्रों के लिये यलो और रेड एलर्ट के रूप में जारी की थी। हादसे के दिन के लिये दी गयी चेतावनी में चमोली जिले के 2400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिये रेड एलर्ट जारी किया गया था, जिसे पूरी तरह नजरंदाज कर दिया गया और 54 मजदूरों की कोई खैर खबर नहीं ली गयी। पिछले सारे हादसों में मानवीय चूक और गंभीर लापरवाही साफ नजर आती है।दरअसल, पश्चिमी भारतीय हिमालय में हिमस्खलनों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जहां बढ़ते तापमान के कारण हिम आवरण की स्थिरता प्रभावित हो रही है। बढ़ते तापमान, अधिक वर्षा और कम हिमपात के कारण हिमालय में बर्फ की प्रकृति बदल रही है। हिमालय में पृथ्वी के दो ध्रुवों के बाद तीसरा सबसे बड़ा बर्फ और ग्लेशियर का भंडार मौजूद है। लेकिन यह क्षेत्र वैश्विक औसत से अधिक तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे सवाल उठता है कि जलवायु परिवर्तन, जिसमें हिमरेखा का पीछे हटना और ग्लेशियरों का पिघलना शामिल है, पूरे 2,500 किलोमीटर लंबे हिमालयी क्षेत्र में हिमस्खलनों की आवृत्ति और उनकी विनाशकारी क्षमता को कैसे प्रभावित करेगा।वैज्ञानिकों ने पाया है कि हिंदूकुश हिमालय में तापमान और वर्षा के पैटर्न पिछले 100 वर्षों में काफी बदल गए हैं। हिमालय का यह क्षेत्र स्वाभाविक रूप से हिमस्खलन–प्रवण है, लेकिन बढ़ते तापमान से बर्फ की परत (हिम आवरण) की संरचना बदल रही है, जिससे ढलान अस्थिर हो रहे हैं।दरअसल, हिमस्खलन तब शुरू होता है जब किसी पहाड़ी ढलान पर जमी हुई बर्फ की परत अस्थिर हो जाती है। अर्थात जब उस पर पड़ने वाला दबाव उसकी संरचनात्मक मजबूती से अधिक हो जाता है। बर्फ की परत की संरचनात्मक मजबूती एक गतिशील गुण है, जो उसकी संरचनात्मक ज्यामिति पर निर्भर करता है।

होली एवं गंगा मेला की हार्दिक शुभकामनाएं

# श्री गौरी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर

(AN ISO 9001:2015 CERTIFIED HOSPITAL)

यू.पी.एस.आई.डी.सी. जैनपुर, कानपुर देहात

Mob: 9710106661, 73310106662, 7310106663

अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी. स्कैन, डिजिटल एक्सरे की 24 घंटे सुविधा उपलब्ध

- आई0सी0यू0/सी0सी0यू0।
- वेंटीलेटर, ए0वी0जी0ए0, कारडियक मॉनीटर, मल्टीपैरा मॉनीटर की सुविधा।
- C-Arm युक्त वतानुकूलित ऑपरेशन थियेटर।
- ट्रामा स्पोर्ट हेड इन्जुरी का सफल इलाज।
- डिजिटल एक्स.रे, सी.टी. स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड (U.S.G.) की सुविधा

आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज उपलब्ध है।

टी.पी.ए. कैशलेस की सुविधा उपलब्ध

उपलब्ध सुविधाएं:- ए0बीजी0ए0 मशीन

1. अत्यंत कम वजन के नवजात शिशु एवं समय से पहले जन्में शिशुओं की विशेष देखभाल। 2. नवजात एवं बाल्य गहन चिकित्सा इकाई ;च्प्ब्न्द्ध 3. चौबीस घंटे मेडिकल स्टोर, एक्सरे, पैथालॉजी, कैन्टीन की सुविधा। 4. नि:शुल्क एम्बुलेंस की सुविधा। 5. दूरबीन द्वारा पित्त एवं गुर्दे, यूरेटर की पथरी का ऑपरेशन, बच्चेदानी में गांठ का ऑपरेशन दूरबीन द्वारा किया जाता है। 6. गहन चिकित्सा इकाई, वेंटीलेटर सुविधा सहित। 7. सभी प्रकार के हड्डी रोग एवं ट्रामा सम्बंधित ऑपरेशन। 8. सिजेरियन ऑपरेशन/डिलेवरी/बच्चेदानी का ऑपरेशन अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर। 9. कार्डियक मीनीटरिंग/इको कार्डियोग्राफी/सोनोग्राफी/टी.एम.टी.



डा. संजय त्रिपाठी
एम.बी.बी.एस., एमडी मेडिसिन
फेलोशिप क्रिटिकल केयर



विजय बाजपेई
मैनेजिंग डायरेक्टर






# सिटी जिम अकबरपुर वृन्दावन सिटी में युवाओं ने खेली होली

## वृन्दावन सिटी में सिटी जिम के ऑनर ने दिए फिट रहने के टिप्स



» स्वराज इंडिया संवाददाता।

अकबरपुर। कस्बा अकबरपुर के वृन्दावन सिटी में युवाओं में जिम का आकर्षण बहुत तेजी से देखने को मिल रहा है। हर व्यक्ति आज के भाग दौड़ भरी जिंदगी में फिट रहना चाहता है परंतु भाग दौड़ भरी जिंदगी में समय और अच्छे गाइड जागरूक न होने के कारण। शरीर को फिट नहीं रख पा रहा है । जिससे बढ़ते हुए वजन और अनियमित दिनचर्या खान पान से शरीर के एनर्जी और जल्द युवाओं में थकावट बढ़ते वजन के कारण बीमारियां देखने को मिलती है।

वृन्दावन सिटी अकबरपुर में सिटी जिम के ऑनर अभि शुक्ला ने जिम को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी है। और अपने जिम के खास बातों पर गहना से चर्चा की। ग्रहणी महिलाओं एव पढ़ने वाले छात्र छात्राएं पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए ।और एक घंटे का शरीर के लिए एक घंटा कम से कम समय आवश्य निकला चाहिए। जिम ऑनर का कहना है। अच्छे फिट मजबूत शरीर में अच्छे विचार उत्पन्न होते है आप नकारात्मक सोच से दूर रहते है मानसिक शारीरिक मजबूती रहती है। अभि शुक्ला ने बताया कि हमारे यहां अच्छी सुविधा डाइट प्लान,टिप्स देखकर गाइड किया जाता है। सिटी जिम मेंबर के साथ होली के पावन पर्व पर होली खेल कर त्योहार मनाया गया ।

युवाओं में जोश देखने को मिला । अभि शुक्ला अपनी सोच में युवाओं ग्रहणी महिलाओं को प्रेरित करते रहते है जिससे आने वाली पीढ़ी पढ़ाई के साथ साथ स्पोर्ट की ओर अपनी रुचि रखे । कस्बा की ग्रहणी महिलाएं किचन से निकल कर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक बने।







# गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर 14.59 लाख उड़ाए, जांच में जुटी पुलिस

» स्वराज इंडिया संवाददाता।




कानपुर। कानपुर के पनकी में साइबर ठगों ने एक ट्रांसपोर्टर को फोन कर गैस का बकाया भुगतान न करने पर कनेक्शन कटने का डर दिखाकर 14.59 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। पनकी के ब्लॉक निवासी ट्रांसपोर्टर विनोद कुमार मिश्रा के पास छह मार्च को एक कॉल आया। बात करने वाले ने खुद को सीयूजीएल का प्रतिनिधि बताकर गैस कनेक्शन का बकाया होने की जानकारी दी। न जमा करने पर दो घंटे में कनेक्शन काटने की चेतावनी दी।

उन्होंने जमा करने के लिए कहा तो उनको एक व्हॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। फिर भुगतान करने के लिए व्हॉट्सएप पर एक लिंक भेजा गया। विनोद ने बताया कि लिंक पर क्लिक करते ही उनका फोन हैक हो गया। एक्सिस बैंक खाते से छह बार में 14.59 लाख रुपये निकाल लिए गए। शातिरों ने उनका मोबाइल भी कॉल फॉरवर्ड कर दिया, ताकि कोई कॉल न आए। फोन हैक होने पर उन्हें ठगी की आशंका हुई। उन्होंने मंगलवार को साइबर थाने में धोखाधड़ी और साइबर अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।









# सेंगुर नदी के कैचमेन्ट क्षेत्र में किया जाये वृक्षारोपण

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला वेटलैण्ड समिति की बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुये सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विगत वर्षो में करायें गये वृक्षारोपण की सफलता मानकोनुरूप बनाये रखने हेतु निरन्तर रूप से अनुश्रवण किया जाये, तथा पौधों की नियमित सिंचाई एवं अनुरक्षण कार्यो को कराया जाये। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा वन विभाग 2675000 पौधे तथा 24 विभागों को 3047760 कुल 5722760 पौधों के रोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 कार्य दिवसों में आवंटित लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना प्रभागीय वनाधिकारी को भेज दी जाये।**




मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की 100 ग्राम पंचायतों में मियॉवाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराये जाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जिला उद्यान अधिकारी एवं उपायुक्त मनरेगा को निर्देशित किया गया कि मियॉवाकी पद्धति से किये जाने वाले वृक्षारोपण की कार्ययोजना तैयार कर ली जाये। जिसमें वन विभाग अपेक्षित सहयोग करने हेतु निर्देश दिये। जिला पर्यावरण समिति, की समीक्षा में अंकिता कटियार, जे0आर0एफ0 द्वारा अवगत कराया कि पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुसार नगर विकास विभाग से 61 अनटैप्ड नालों की सूचना प्राप्त कर ली गयी है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा वन विभाग को अनटैप्ड नालों के सत्यापन की कार्यवाही करायी जाये तथा नगर विकास विभाग को अनटैप्ड नालों सैंपलिंग कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। अनटैप्ड नालों का जैविक उपचार के माध्यम से दूषित पानी को शोधित करने के उपरान्त ही नदियों में छोड़ा जाये।

होली पर्व के दृष्टिगत वन सम्पदा, पर्यावरण, जल संरक्षण को सुरक्षित रखने हेतु जन-जागरूकता के कार्यक्रम एवं जन संदेश दिये जाये। जिला गंगा समिति, की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि जिला परियोजना अधिकारी द्वारा जिला योजना 2024-25 के अन्तर्गत कार्ययोजना के अनुरूप कार्य किये जा रहे है। आगामी 18 मार्च 2025 को आयोजित किये जाने वाले गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में बारे में भी अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा वृहद रूप से आयोजन किये जाने के निर्देश देते हुये कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं, विद्यालयों की छात्र-छात्राओं, जन समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिये। उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिये कि नदियों के कैचमेन्ट क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाये। आगामी वर्षाकाल-2025 में सेंगुर नदी के कैचमेन्ट में अधिक से अधिक पौधरोपण कराया जाये। जिला वेटलैण्ड समिति की समीक्षा में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में एसएसी एटलस 2021 के अनुसार, जनपद में 289 वेटलैण्ड चिन्हित किये गये थे, जिसका सत्यापन वन विभाग द्वारा पूर्ण करा लिया गया है। जिसके बाउण्ड्री डिमारकेशन का कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये। जिसकी सूचना प्रभागीय वनाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाये, जिससे कि सूचना गूगल स्प्रेड शीट अपडेट की जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एके सिंह, उप निदेशक कृषि राम बचन राम, उपायुक्त मनरेगा एवं अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, ग्रामीणों ने कराया अंतिम संस्कार

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

कानपुर। ककवन कस्बे में बुधवार की सुबह पानी टंकी वाले मोहल्ले में सुबह-सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर करंट की चपेट में आकर मर गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर रेंजर विजय श्रीवास्तव द्वारा वन विभाग की टीम भेजकर मोर का पोस्टमार्टम कराया गया।

पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज पटेल द्वारा पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद वन विभाग को मोर सौंपा गया, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने राजकीय सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी का अंतिम संस्कार कराया।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना देवी द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स 127/875, साकेत नगर, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से मुद्रित व 119/13, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर- 208012 (उप्र) से प्रकाशित। संपादक: अनूप कुमार **RNI No.:** UPHIN/2023/86769 | **Email:** swarajindia2023@gmail.com | **Mob:** 7800009853, | **Website:** www.swarajindianews.com | प्रधान संपादक रतन प्रकाश सिंह (समस्त वाद-विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे)

# रंगों का यह इंद्रधनुष ही तो जिंदगी को रंगीन बनाता है...






**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

कानपुर देहात। यह भी सच है कि प्रत्येक रंग मनुष्य के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव डालता है।यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने जनपद न्यायालय में अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कही।उन्होंने कहा कि होली,रंगों का त्यौहार है,जो जीवन में रंगों के महत्व को दर्शाता है। हर रंग का अपना एक विशेष अर्थ होता है जो प्रेम,खुशी,ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक है।मनुष्य का जीवन रंगों के बिना अधूरा है, क्योंकि विभिन्न रंग हमारी जिंदगी की विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।कहा की रंगों का त्योहार होली तो अपने साथ कई ऐसे रंगों को लेकर आता है, जिनमें से हर रंग कुछ न कुछ कहता प्रतीत होता है।

लाल, हरा, पीला, गुलाबी इत्यादि होली पर इस्तेमाल किए जाने वाले इन सभी पारंपरिक रंगों का वैज्ञानिक आधार है।खुशियों की प्रतीक होली का प्रत्येक रंग केवल प्यार एवं सम्मान की ही भाषा बोलता है। अधिवक्ता जितेन्द्र चौहान ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है,यह उत्सव एकता और भाईचारे का संदेश देता है।होली अधर्म पर धर्म की और पाप पर पुण्य की विजय का प्रतीक है।उन्होंने इस अवसर पर आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि समाज में छोटे–मोटे विवादों को आपसी बैठक के माध्यम से सुलझाएं, ताकि समाज में शांति और भाईचारा बना रहे।रंगों को खेलते समय महिलाओं बच्चों की मान मर्यादा बड़ों के सम्मान रोगी अपाहिज असमर्थ जन के स्वास्थ और ऐसे लोग जो होली नहीं खेलना चाहते उनकी भावनाओं का आदर रखते हुए होली खेलने की अपील की।इस अवसर पर एकीकृत बार के पूर्व अध्यक्ष गण रणधीर सिंह सिसोदिया विश्वनाथ कटियार सम्पत लाल यादव पूर्व महामंत्री गण संजय सिंह सिसोदिया प्रदीप कुमार पाण्डे पूर्व मंत्री अरविन्द यादव गौरव कटियार जिला बार अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव महामंत्री अमर सिंह भदौरिया योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान सर्वेंद्र सिंह यादव शिववीर सिंह भदौरिया प्रदीप कमल अदीप कमल नरेश सिंह सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# माती में 50 करोड़ की सरकारी जमीन में हेराफेरी पकड़ी गई

**राजस्व ग्राम धरऊ तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात में काफी समय पूर्व राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी करके रकबा 3.594हे0 जिसका बाजारू मूल्य लगभग 50 करोड रूपये है, को फर्जी तरीके से अपने नाम कराये जाने की शिकायत की जाचोपरान्त पुनः ग्रामसमाज में दर्ज किये जाने की कार्यवाही की गयी।**

**स्वराज इंडिया न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर देहात। उप जिलाधिकारी अकबरपुर ने बताया कि जिला मुख्यालय राजस्व ग्राम धरऊ तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात में काफी समय पूर्व राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी करके रकबा 3.594हे0 जिसका बाजारू मूल्य लगभग 50 करोड रूपये है। फर्जी तरीके से अपने नाम कराये जाने की शिकायत की जाचोपरान्त पुनः ग्रामसमाज में दर्ज किये जाने की कार्यवाही की गई है।**

राजस्व ग्राम धरऊ तहसील अकबरपुर जनपद कानपुर देहात की वर्तमान खतौनी सन् फसली 1432 में खाता सं0 99 की गाटा सं0 205/0.082, 219/0.031, 268/1.105. 327क/0.727, 340/0.277, 341/0.174, 342/0.143, 343/0.225, 360/0.553 व खाता सं0 103 के गाटा सं0 218 मि0 / 0.277 हे0 भूमि कुल 10 किता रकबा 3.594 हे0, महेशनरायन पुत्र शिवनरायन आदि नि0 मिलकिनपुरवा म0 धरऊ के नाम संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार के रूप में अंकित है। जोत चकबन्दी आ0 पत्र 45 के खाता सं0 168 ऊसर पर दर्ज है।

प्रकरण की जांच राजस्व तथा चकबन्दी विभाग से करायी गयी जिसमें उक्त भूमि की प्रविष्टि प्रथम दृष्टया संदिग्ध पायी गयी, जिसकों ग्रामसभा में निहित किये जाने हेतु न्यायालय उपजिलाधिकारी अकबरपुर जनपद कानपुर देहात में वाद योजित किया गया है। न्यायालय में कार्यवाही प्रचलित है।

प्रश्नगत भूमि जनपद मुख्यालय के निकट स्थित है तथा बेशकीमती भूमि है, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 50 करोड रूपये है। उक्त भूमि के ग्रामसभा में दर्ज होने से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं / विभागों को आवंटित की जा सकेगी तथा फर्जी तरीके से बेशकीमती भूमि को अपने नाम कराने वालों का मनोबल टूटेगा तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति करने वाले भयभीत होगें। इस प्रकार के कृत्य करने वालों के विरूद्ध भी एण्टी–भूमाफिया के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है तथा उपरोक्त गाटों मे कय/विकय, निर्माण, भूमि का स्वरूप परिवर्तन करने वाले व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगें।

# बॉम्बे हॉस्पिटल

नियर आघू रोड, कानपुर-आगरा हाईवे, अकबरपुर, कानपुर देहात



की ओर से
होली एवं गंगा मेला की
हार्दिक शुभकामनाएं



24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

24 घंटे एम्बुलेंस व मेडिकल स्टोर की सुविधा

दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन

हेल्पलाइन नं.:
8355017999, 8858997333

हड्डी के सभी ऑपरेशन, गुर्दे की पथरी
पित्ताशय की पथरी, फिशर, नासूर
अपेन्डिक्स, प्रोस्टेट, कैंसर की गांठ, भगंदर
हर्निया, हाइड्रोसील, छाती का कैंसर
पेट की चोट व अन्य समस्याएं
बच्चेदानी व अण्डाशय की गांठ
घुटने का प्रत्यारोपण, पाइल्स (बवासीर)



डॉ. सुरेश यादव
डायरेक्टर



Goldiee GROUP
रंग भी स्वाद भी
रिश्तों की मिठास भी!
जहाँ जाए रिश्ते बनाए
Goldiee
COMPOUNDED HING TADAKA
SHAHI PANEER MASALA
CHHOLE MASALA
SABJI MASALA
FRESH LOCK
Premium Gulal
रंगों की तरह स्वाद भी जोड़ता है, वही स्वाद जो अपनों को और करीब लाए
गोल्डी
मसाले•हींग•अचार•चाय•पापड़•गुलाब जामुन मिक्स•वन-वन नूडल्स•सेवईयाँ•अगरबत्ती
www.goldiee.com
1800 123 201201
customercare@goldiee.com
/goldieegroup1980
/goldieegroup
/goldieegroup
/goldieegroup


निर्माता:
कपिला
कृषि उद्योग लि.
मिल्कोमोर
पशु आहार
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
दूध बहेगा,
मुनाफा बढ़ेगा..
मिल्कोफीड
पशु चारा
आया भूसे का बाप
"दूध बहेगा मुनाफा बढ़ेगा,,
मिल्कोमोर
पशु आहार
उत्तम फीड
SUPREME FEED
Badho
Order Now
संपर्क करें
9310500105
विश्वसनीयतम उत्पाद
सबसे ज्यादा पोषण 75%
अच्छा स्वास्थ्य
ज़्यादा दूध
लंबी आयु
दुकानदार भाई!
Badho App से ऑर्डर लगायें और
पायें हर ऑर्डर पर आकर्षक स्कीम









## » होली की शुभकामनाएं

कानपुर देहात के गजनेर थाना प्रभारी प्रवीण यादव को होली की शुभ कामनाएं देते स्वराज इंडिया संवाददाता

# बिजली चोरी पर सख्ती, कर्मचारियों की मॉनिटरिंग

## 80 प्रतिशत लाइन लॉस पर सीधे बर्खास्तगी

» स्वराज इंडिया ब्यूरो।



लखनऊ। यूपी में बिजली चोरी वाले इलाकों में कर्मचारियों की मॉनिटरिंग करने का अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही कहा गया है कि 80 प्रतिशत से ज्यादा लाइन लॉस वाले इलाकों में लाइनमैन अब सीधे बर्खास्त किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को शक्ति भवन में विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को कई आदेश दिए। यह भी कहा कि त्योहार पर सभी को अनवरत बिजली मिले, इसके लिए बिजली कर्मचारी अभी से सजग और सचेत रहें। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मियों को लेकर भी अभी से तैयारी शुरू कर दी जाए। आदेश दिए हैं कि गलत कामों में शामिल बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तो हो ही, उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करवाई जाए। यह भी कहा कि होली के अवसर पर पूरे प्रदेश में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि अगर कहीं आपूर्ति प्रभावित हो तो उसे फौरन शुरू करने के लिए ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था उपलब्ध रहे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता व अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव लें और उन पर अमल करें।

मंत्री ने कहा कि गर्मियों में भी उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए। बिजली आपूर्ति बाधित न हो। विद्युत तंत्र को लेकर जो भी कमियां हो उसे शीघ्र ही दुरुस्त कर लिया जाए। अभी से सभी ट्रांसफॉर्मरों में तेल की कमी और अर्थिंग की समस्या को दूर कर लें। जहां कहीं पर भी जर्जर पोल, केबल अभी हो, उसे शीघ्र बदला जाए।

बिजली व्यवस्था के सुधार के और सुदृढ़ीकरण के लिए 16 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के काम आरडीएसएस योजना के तहत करवाए गए हैं। बिजनेस प्लान से भी खर्च किया गया है। अगर इसके बाद भी बिजली आपूर्ति को लेकर शिकायतें आएं तो यह बिजली कर्मचारियों के काम में लापरवाही के अलावा कुछ और नहीं है।

मंत्री एके शर्मा ने आदेश दिए हैं कि जिन क्षेत्रों में 70-80 प्रतिशत लाइन लॉस है, वहां पर काम करने वाले कर्मचारियों की लगातार मॉनीटरिंग की जाए। अगर गर्मियों में 100 केवीए के ऊपर के ट्रांसफॉर्मर जलेंगे तो संबंधित कर्मचारियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए।

# पीडीए की ताकत को आगे बढ़ाएंगे

## अखिलेश बोले- बीजेपी की स्ट्रेटजी वोट ना डालने दो



» स्वराज इंडिया ब्यूरो।

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शिव प्रसाद चौरसिया को याद किया। उन्होंने लखनऊ स्थित रिवर फ्रंट पर उनका स्मारक बनाकर उन्हें सम्मान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि चौरसिया समाज ने संकल्प लिया है कि हम सब लोग मिलकर पान पर चर्चा करेंगे।

दरअसल सपा मुखिया ने प्रेस वार्ता आयोजित की थी। इस मौके पर उन्होंने सबसे पहले प्रदेशवासियों को होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद सूबे की भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। कहा कि हमारे मुख्यमंत्री तीस मार खां हैं। कहा कि उन्हें 30 से बड़ा प्रेम है। तंज कसते हुए कहा कि मरे कितने लोग 30। कारोबार कितने का हुआ 30 करोड़। पूरे प्रदेश को कितना होगा 3010 हजार करोड़।

अखिलेश यादव ने कहा कि अब चौरसिया समाज पान पर चर्चा करके प्रदेश से भाजपा का सफाया करेगी। कहा कि पिछड़ा, दलित, आदिवासी, आधी आबादी और तमाम हमारे अल्पसंख्यक भाई ये मन बना चुके हैं कि पीडीए की ताकत को आगे बढ़ाएंगे। अभी ये मुस्लिम समाज के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं। आने वाले समय में पीडीए समाज के खिलाफ नफरत फैलाएंगे। बीजेपी ने तो नई स्ट्रेटजी बनाई है कि किसी को वोट ही ना डालने दो।

